

**एक नजर में**

### सभ्यता कोचिंग क्लासेस पर जनजागरुकता कार्यक्रम

कुंभराज। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय विशेष साइबर जागरूकता अभियान सेफ़ क्लिक 2.0 अभियान पर आज कुंभराज पुलिस द्वारा व्यापक जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान आज थाना प्रभारी पंकज त्यागी उप निरीक्षक होतम सिंह बघेल, रेखा नामदेव द्वारा सभ्यता कोचिंग क्लासेस कुंभराज पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी डिजिटल अरेस्ट ओटीपी फ्रॉड फर्जी लिंक सोशल मीडिया हैंगिंग साइबर ब्लॉकमेलिग एवं अन्य साइबर अपराधों के तौर तरीकों से अवगत कराते हुए उनसे बचाव के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई।

### दांत दर्द का इलाज पड़ा भारी

**गुना।** फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम दिरोली में एक 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि एक झोलाछाप बंगाली डॉक्टर द्वारा लगाए गए तीन इंजेक्शनों के बाद महिला की तबीयत बिगड़ी और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से कथित डॉक्टर क्लीनिक खुली छोड़कर फरार है। दरअसल, ग्राम दिरोली निवासी मांगीबाई पत्नी चंदन सिंह गुर्जर को दांत में तेज दर्द की शिकायत थी। सोमवार को वह इलाज के लिए पास के ही गांव कुम्हारी स्थित एक क्लीनिक पर गई थी। वहां मौजूद कथित बंगाली डॉक्टर ने इलाज के दौरान महिला को सबसे पहले जबड़े के अंदर दर्द वाली जगह इंजेक्शन लगा दिया। लेकिन दर्द बंद होने की बजाए घबराहट शुरु हो गई तो झोलाछाप डॉक्टर ने महिला के हाथ और शरीर के पिछले हिस्से में दो और इंजेक्शन लगा दिए। परिजनों का दावा है कि आखिरी इंजेक्शन लगते ही मांगीबाई की हालत तेजी से बिगड़ने लगी। यह देख डॉक्टर घबरा गया और उसने परिजनों से महिला को बेहतर इलाज के लिए तुरंत राजस्थान के केलवाड़ा ले जाने को कहा।

# जनसुनवाई के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें अधिकारी

## जनसुनवाई में 315 आवेदनों पर सुनवाई, कलेक्टर ने जरूरतमंद को 10 हजार रुपये की सहायता दिलाई

नवभारत न्यूज

**गुना 7 जुलाई का। जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य, नामांतरण सहित विभिन्न विषयों से संबंधित 315 आवेदन प्राप्त हुए। राजस्व एवं पंचायत विभाग की संयुक्त व्यवस्था के चलते कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया।**

जनसुनवाई में राजस्व अधिकारियों एवं पंचायत विभाग की पूरी टीम को संयुक्त रूप से बैठाया गया, ताकि दोनों विभागों से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जा सके।





### जरूरतमंद को मिली 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

जनसुनवाई में प्राप्त एक आवेदन पर संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्रवाई करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद भारतसिंह यादव निवासी गुना को पुत्र के उपचार के लिये रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर चेक प्रदान किया।

### सेवाओं का भी मिला लाभ

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जनसुनवाई में नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही जांच तथा निःशुल्क कानूनी सहायता सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिनका बड़ी संख्या में नागरिकों ने लाभ उठाया। जनसुनवाई के अंत में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब न हो तथा आवेदक को एक ही प्रकरण के निराकरण के लिए बार-बार जनसुनवाई में आने की आवश्यकता न पड़े। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे प्रकरणों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ परीक्षण कर त्वरित कार्रवाई करें, जिससे आमजन को शीघ्र राहत प्राप्त हो सके। अपर कलेक्टर, सीईओ सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### यूडीआईडी कार्ड में नाम संशोधन की समस्या का हुआ तत्काल समाधान, चेहरे पर लौटी मुस्कान

जिला प्रशासन की संवेदनशीलता और जनसुनवाई की प्रभावशीलता का एक प्रेरणादायक उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब तहसील राघौगढ़ निवासी दिव्यांग हितग्राही विक्रम सिंह गाड़रिया अपनी समस्या लेकर कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे। विक्रम सिंह ने बताया कि उनके यूडीआईडी कार्ड में दर्ज नाम में त्रुटि होने के कारण उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासन की तत्परता से यूडीआईडी कार्ड में आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया पूरी कर दी गई तथा संशोधित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र हितग्राही को उपलब्ध करा दिया गया। अपनी समस्या का त्वरित समाधान होने पर विक्रम सिंह के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ दिखाई दी। उन्होंने जिला प्रशासन और कलेक्टर श्री कन्याल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनकी समस्या का समाधान इतनी शीघ्रता से हो जाएगा।

## अतिक्रमण की समस्या गंभीर : चौराहों पर लगता है जाम, अधिकारी मौन

नवभारत न्यूज

**कुंभराज।** नगर में अतिक्रमण की समस्या गंभीर बनती जा रही है नगर में अतिक्रमण के ठेलो से अधि सड़क पर बेच रहे हैं सब्जियां जबकि नगरीय प्रशासन द्वारा सब्जी फलफ्रुट के ठेले बालों के लिए मेला ग्राउंड में हॉकर्स जॉन बना हुआ है अतिक्रमण करियो ने आधी सड़क अपने कब्जे में ले लीया है। इस और प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है जिसके कारण आए दिन घटनाएं हो रही हैं अधि सड़कों पर दुकानदर अपना दुकान का बिखरता समान रख द देता है जिसके कारण सड़के सुकड़ गई है और वाहन चलने वाले लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। प्रशासन भी सड़कों से अतिक्रमण नहीं हवा का रहा है जिसकी वजह से अतिक्रमण करने वाले बेखौफ हो गए हैं। अतिक्रमण करी सब्जी ठेले वालों पर कार्यवाई तो की जाती है। लेकिन कार्रवाई के दूसरे दिन ही



वापस सड़क पर आकर ठेले लगा लिए जाते हैं जबकि सब्जी वालों के लिए प्रशासन के द्वारा होकर जॉन बनाया गया है। वहां पर सब्जी मंडी को शिफ्ट करबना चाहिए जिससे जाम से राहत मिल सकती है प्रशासन व नगर परिषद द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाता है। अभियान के कुछ दिन बाद तक तो नगर में असर दिखाई देता है लेकिन बाद में हालात जस के तस हो जाते हैं। नगर के पुलिस थाने के सामने बैंक है जिसमें आने वाले लोगों को भी अपनी बाइक बीच सड़क पर खड़ी करके जाना पड़ता है जबकि एसबीआई बैंक के आगे थाना मौजूद है फिर भी मोटरसाइकिल बीच सड़क पर खड़ी करके बैंक में अपना काम करने चले जाते हैं और 15 मिनिट से पहले नहीं आते है।

















